# बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,धमतरी ( छ.ग. )

# ग्रीन एवं पर्यावरण ऑडिट समिति प्रतिवेदन

## 2020-21

ग्रीन ऑडिट समिति
डॉ. हेमवती ठाकुर
श्रीमती ग्रेस कुजूर
डॉ.सपना ताम्रकार

( डॉ.श्रीदेवी चौबे )
प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी ( छ.ग. )

## प्रस्तावना –

बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी की ग्रीन ऑडिट समिति ने आंकड़ों को एकत्रित किया है। महाविद्यालय में 05 जून 2020 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधा रोपण का कार्य एन.सी.सी./एन.एस.एस. एवं रेडक्रॉस सोसायटी के स्वंसयेवकों एवं महावद्यिालय के अधिकारी/कर्मचारियों के व्दारा वृक्षारोपण किया गया तथा गुलमोहर, जामुन, ईमली, जाम, बेर, कटहल, नीम, आंवला, पीपल, बरगद इत्यादि के पौधे लगाए गये, उन्हें ट्रीगार्ड व्दारा सुरक्षा प्रदान की गई। इसके बाद माह नवमबर-दिसम्बर में पौधों की गणना की गई। जिससे यह पता चलता है कि महाविद्यालय में हरियाली एवं वातावरण को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के लिए प्रतिवर्श ग्रीन ऑडिट कराया जाता है।

मानव जीवन को स्वस्थ एवं सुखद बनाए रखने के लिए पर्यावरण का संतुलित होना आवश्यक है। पर्यावरण संतुलन के लिए जल ,थल और नभ को प्रदूषण से बचाना होगा। जिससे बेहतर मानव सभ्यता विकसित हो सकेगी और सुखद भविष्य का निर्माण होगा। अद्यतन 21 वीं सदी में तीव्रगति से भौतिक सुख-सुविधाओं में कृशि के कारण पर्यावरण पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। जल, थल और नम के प्रदूषण के साथ पूरा पर्यावरण प्रदूषित होने लगा है। जो मानव सभ्यता के लिए हानिकारक है। पर्यावरण प्रदूषण का दुष्प्रभाव मानव जीवन और अन्य जीव जंतुओं पर दिखाई देता है। पर्यावरण को प्रदूषित होने से रोकने के लिए शासकीय एवं अशासकीय संगठनों व्दारा निरंतर प्रयास किये जा रहें हे।

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवर्धक बनाए रखने संबंधी प्रयास करने के लिए शासन के नियमानुसार ग्रीन ऑडिट समिति का गठन किया गया है। हरियाली से परिपूर्ण परिसर मानसिक एवं षारीरिक विकास में बड़ी भूमिका निभाती है।

## उद्देश्य-

01. परिसर स्थित प्राकृतिक संसाधन का संरक्षण एवं संवर्धन करना।
02. महाविद्यालय परिसर को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए पौधा रोपित करना।
03. पौधा रोपित करके स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण निर्मित करना।
04. वायु एवं ध्वनि प्रदूषण से मुक्त रखना।
05. छात्र-छात्राओं एवं स्टॉफ को पौधा रोपण के लिए प्रोत्साहित करना।

## कार्ययोजना-

महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ स्वास्थ्यवर्धक एवं प्रदूषण रहित बनाए रखने के लिए वर्षा के पूर्व छात्र-छात्राओं ( एन.एस.एस./एन.सी.सी./यूथ रेडक्रॉस आदि ) एवं स्टॉफ के व्दारा पौधारोपण करनाा। रोपित पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रयास करना ताकि परिसर में हरियाली बनी रहे और स्वस्थ वातावतरण निर्मित हो सके। महाविद्यालय भवन एवं महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई के साथ प्राकृतिक स्रोतों का संरक्षण करते हुए अध्ययन-अध्यापन के अनुकूल प्रदूषण रहित वातावरण का निर्माण करना है।

## ग्रीन ऑडिट रिपोर्ट–

01. शैक्षणिक सत्र के दौरान महाविद्यालय परिसर में 05 जून 2020 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधा रोपित कर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण निर्मित करने कार्य किया गया। समय-समय पर एन.एस.एस. एवं एन. सी.सी. के स्वयंसेवकों एवं इको क्लब व्दारा पौधा रोपण किया गया। सत्र के दौरान विभिन्न प्रजाति के कुल 150 पौधे रोपित किए गए जिनके नाम निम्नानुसार है :-

| क. | पौधो के नाम | संख्या | क. | पौधो के नाम | संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जामुन | 08 | 11 | गुलमोहर | 03 |
| 2 | इमली | 02 | 12 | बादाम | 07 |
| 3 | अमरूद | 15 | 13 | शीशम | 10 |
| 4 | बेर | 12 | 14 | कनेर | 11 |
| 5 | कटहल | 06 | 15 | करण | 3 |
| 6 | नीम | 32 | 16 | अशोक | 6 |
| 7 | आंवला | 09 | 17 | मुनगा | 2 |
| 8 | आम | 02 | 18 | सागौन | 2 |
| 9 | पीपल | 12 | 19 | नीलगिरी | 2 |
| 10 | बरगद | 06 | | | |

पौधों को ट्री गार्ड लगाकर सुरक्षित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवकों व्दारा रोपित पौधों की गणना की गई जिसमें 80 पौधे जीवित पाए गए। 02 दिसम्बर 2021 को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गया। जिसमें प्रदूषण के रोकथाम के लिए जागरूकता का संदेश दिया गया।

01. रोपित पौधों के संरक्षण के लिए ट्री गार्ड लगाई गई।
02. रोपित किये गये पौधों के आस-पास के कूड़ा करकट की सफाई की गई।
03. राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवकों व्दारा परिसर की सफाई की गई।
04. वर्षा के पानी के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की गई है।
05. महाविद्यालय से निकलने वाले कूड़ा करकट को नष्ट करेन के पारम्परिक पद्यति घुरवा की व्यवस्था की गई।
06. जागरूकता के लिए पर्यावरण से संबंधित पोस्टर आदि लगाए है।
07. ईको क्लब के व्दारा पर्यावरण संबंधी जागरूकता का कार्य किया गया।

08. महाविद्यालय के 80 प्रतिष्ठित विद्यार्थी सायकल का उपयोग करते है ,जिससे कार्बन डाई आक्साइड कम होती है जिसके कारण वातावरण में शुद्धता बनी रहती है।

09. विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए क्वीज प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है।

10. महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस, विश्व जल दिवस, ओजोन दिवस, शौचालय दिवस विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है।

## परिणाम–

01. महाविद्यालय परिसर में चारों ओर हरियाली है।

02. परिदारा हरा-भरा होने के कारण दूर दराज से आगन्तुक छात्र-छात्राओं को शांति मिलती है। थकान मिटाने के साथ पढ़ाई एवं अन्य ज्ञानवर्धक चर्चा आपस में बैठकर करते है।

03. समीपस्थ कॉलोनी के लोग मार्निंग वॉक के साथ-साथ योगा करते है।

04. छात्र-छात्राएं स्वच्छ एवं स्वस्थ परिसर से लाभांन्वित होते ही है, शहर के नागरिक लाभान्वित होते हैं।

05. औषधीय पौधों के लिए बॉटनीकटल गार्डन विकसित किया जा रहा है।

इस प्रकार ग्रीन ऑडिट समिति महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं स्वस्थवर्धक बनाए रखने के लिए लगातार प्रयासरत रहती है

## ग्रीन ऑडिट आंतरिक समिति सदस्य


01. डॉ.( श्रीमती ) हेमवती ठाकुर

02. श्रीमती ग्रेस कुजूर


03. डॉ.सपना ताम्रकार



बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
ईको - क्लब
GO GREE


राष्ट्रीय सेवा योजना
इकाई क्र. - 01


GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
PG College Rd, Subhash Nagar, Dhamtari, Chhattisgarh 493773, India
Lat 20.709288°
Long 81.529466°
06/02/21 11:13 AM


GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
PG College Rd, Subhash Nagar, Dhamtari, Chhattisgarh 493773, India
Lat 20.709288°
Long 81.529466°
06/02/21 11:13 AM


GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
PG College Rd, Subhash Nagar, Dhamtari, Chhattisgarh 493773, India
Lat 20.709288°
Long 81.529466°
06/02/21 11:12 AM


उद्यान
GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
PG College Rd, Subhash Nagar, Dhamtari, Chhattisgarh 493773, India
Lat 20.709288°
Long 81.529466°
06/02/21 11:12 AM


बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
PG College Rd, Subhash Nagar, Dhamtari, Chhattisgarh 493773, India
Lat 20.708347°
Long 81.530023°
19/08/20 12:17 PM


बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
PG College Rd, Subhash Nagar, Dhamtari, Chhattisgarh 493773, India
Lat 20.708347°
Long 81.530023°
19/08/20 12:17 PM

# कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस

धमतरी| बीसीएस पीजी कॉलेज में बुधवार को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गया। स्वच्छता प्रभारी प्रो. पंकज जैन ने कहा कि प्रदूषण की रोकथाम करने एवं पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। 2 दिसंबर को भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवाने वालों को याद किया जाता है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे, प्रो. कोमल प्रसाद यादव, प्रो. दुर्गेश प्रसाद, प्रो. सपना ताम्रकार आदि उपस्थित थे।

## पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस का आयोजन

**धमतरी।** भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवाने वालों की याद एवं सम्मान में पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों को प्रदूषण कम करने के लिए जागरूक किया गया। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छता प्रभारी प्रो.पंकज जैन ने राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि औद्योगिक आपदा के प्रबंधन एवं नियंत्रण के लिए जागरूकता फैलाने, हवा पानी एवं मिट्टी को प्रदूषित होने से बचाने प्रतिवर्ष 2 दिसम्बर को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया जाता है। प्रो.कोमल प्रसाद यादव, प्रो.दुर्गेश प्रसाद, प्रो. सपना ताम्रकार ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में आयोजित था। इस अवसर पर विधि विभाग के छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय के स्टॉफ उपस्थित थे।

# एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव बताए



धमतरी. तालाब किनारे सफाई करते एनसीसी कैडेट।

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव पीजी कॉलेज ने रविवार को ग्राम मुजगहन के तालाब किनारे, मंदिर परिसर और स्वामी विवेकानंद मूर्ति के आसपास सफाई की। एनसीसी केयर टेकर दिनेश्वर सलाम ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स ने प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

पॉलीथिन और प्लास्टिक गांव से लेकर शहर तक लोगों की सेहत बिगाड़ रहा है। शहर का ड्रेनेज सिस्टम अक्सर पॉलीथिन से भरा मिलता है। इस कारण नाले जाम हो जाते हैं। प्लास्टिक के बर्तन के उपयोग करने से डायरिया के साथ-साथ ही अन्य गंभीर बीमारियां होती [illegible] मनुष्य एवं सभी जीव [illegible] लिए बहुत हानिकारक है। पृथ्वी तल पर जमा पॉलीथिन जमीन की जल सोखने की क्षमता खत्म कर रही है। इससे भू-जल स्तर गिर रहा है। प्राकृतिक तरीके से नष्ट न होने के कारण यह मिट्टी का उर्वरक क्षमता का धीरे-धीरे समाप्त कर रही है। प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग पर्यावरण एवं मानव की सेहत दोनों के लिए खतरनाक है। इस कारण पॉलीथिन एवं प्लास्टिक की रोकथाम होने पर ही इस समस्या से निजात पाई जा सकती है। इस अभियान में एनसीसी सीनियर कैडेट्स चिन्मय सेन, भूमिका कत्लाम, दुष्यंत कुमार, गुलशन आदि उपस्थित थे।

## एनसीसी कैडेटस की पहल

# सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का दिया संदेश

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com



**धमतरी**. ग्राम मुजगहन में बीसीएस पीजी कालेज के एनसीसी कैडेटो ने सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने तालाब किनारे, मंदिर परिसर और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के आसपास की सफाई की। इसके बाद कालेज परिसर में भी स्वच्छता अभियान चलाया। एनसीसी केयर टेकर दिनेश्वर सलाम ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गलियों, सड़कों को साथ-सुथरा रखना है। इसके माध्यम से उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में भी ग्रामीणों को बताया। इसके बाद नुक्कड़-नाटक का भी आयोजन हुआ, जिसमें शिक्षाप्रद बातों को नाटक के माध्यम से बताया गया। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक के बर्तन के उपयोग करने से डायरिया के साथ ही अन्य गंभीर बिमारियां होती हैं। पॉलिथीन मनुष्य एवं सभी जीव जन्तुओं के लिए बहुत हानिकारक है। पॉलिथीन का बढ़ता हुआ उपयोग न केवल वर्तमान के लिए बल्कि भविष्य के लिए भी खतरनाक होता जा रहा है। पॉलिथीन पूरे देश की गंभीर समस्या है लेकिन आज खाली हाथ जाकर दुकानदार से पॉलिथीन मांगकर सामान लाते हैं। पहले अखबार के लिफाफे होते थे लेकिन उसके स्थान पर पॉलिथीन का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने इस पर रोक लगाने की मांग की। मौके पर एनसीसी सीनियर कैडेट्स चिन्मय सेन, भूमिका कतलाम, दुष्यंत कुमार, गुलशन समेत स्टाफ मौजूद रहे।

# पीजी कॉलेज परिसर में एनसीसी कैडेट ने रोपे पौधे



पौधारोपण करते हुए से बीच क्रम में डॉ. अमर सिंह साहू व अन्य। ● पीजी कॉलेज

धमतरी (नईदुनिया प्रतिनिधि)। धमतरी बीसीएस पीजी कॉलेज में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी के कैडेट ने पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के खेल मैदान किनारे गुलमोहर, जामुन, इमली, आम, बेर, अशोक, कटहल, मुनगा आदि पौधे रोपे गए। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड भी लगाए गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सीएस चौबे, डॉ. श्रीदेवी चौबे, डॉ. अमर सिंह साहू, दिनेश्वर सलाम, वीसी चौधरी, डॉ. कैलाशपति हाजरा, कोमल प्रसाद यादव, डॉ राकेश साहू, पंकज जैन, दुर्गेश प्रसाद, संतोष साहू, सूरज कुमार आदि उपस्थित थे।

# कॉलेज परिसर में किया पौधरोपण

धमतरी. बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज धमतरी की एनसीसीइकाई द्वारा कॉलेज परिसर में प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. अमर सिंह साहू के मार्गदर्शन तथा एनसीसी केयर-टेकर प्रो. दिनेश्वर सलाम के नेतृत्व में पौधा रोपण किया गया. एनसीसीइकाई द्वारा विधि विभाग के सामने अशोक के पौधे तथा विधि विभाग में कटहल एवं मुनगा प्रजाति के पौधों को रोपित किया गया. कॉलेज के खेल मैदान के किनारे गुलमोहर, जामुन, इमली, आम, बेर, बोहार के पौधे रोपित किए गए. महाविद्यालय परिसर में पौधे रोपित कर कॉलेज को हरियार कॉलेज बनाने का संकल्प लिया गया. इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्रीदेवी चौबे, रासेयो के जिला संगठक डॉ. अमर सिंह साहू, दिनेश्वर सलाम, वीसी चौधरी, डॉ. कैलाशपति हाजरा, कोमल प्रसाद यादव, डॉ. राकेश साहू, पंकज जैन, दुर्गेश प्रसाद, संतोष साहू, सूरज कुमार, एवं एनसीसी के कैडेट्स उपस्थित रहे.

# एनसीसी इकाई ने महाविद्यालय परिसर में किया पौधा रोपण

धमतरी (हाईवे चैनल) 17 जुलाई। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी की एनसीसी इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. अमर सिंह साहू के मार्गदर्शन तथा एनसीसी केयर टेकर प्रो. दिनेश्वर सलाम के नेतृत्व में पौधा रोपण किया गया। [illegible]



[illegible]

# पीजी कॉलेज धमतरी में हुआ वृक्षारोपण

धमतरी. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बीसीएस शासकीय कॉलेज धमतरी में रासेयो एवं इको क्लब के व्दारा वृक्षारोपण अभियान चालया गया. उक्त अवसर पर प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे, प्रो. कोमल प्रसाद यादव, प्रो. पंकज जैन, प्रो. दुर्गेश प्रसाद, डॉ. सपना ताम्रकार, डॉ. प्रेमनाथ भारती, संजय राठौर, राकेश साहू एवं स्टॉफ के सहयोग से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए विधि विभाग, न्यू बिल्डिंग परिसर, गार्डन परिसर सहित महाविद्यालय के विभिन्न भागों में आम, शीशम, करंज, अशोक सहित विभिन्न पौधे लगाकर उन्हें ट्री गार्ड लगाकर संरक्षित भी किया गया. प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे ने कहा कि इस महाविद्यालय में वर्षभर समय-समय पर वृक्षारोपण अभियान चलाकर वृक्षों को ट्री गार्ड से घेरकर उनका संरक्षण किया जाता है. इकाई क्रमांक एक के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. कोमल प्रसाद यादव, प्रो. पंकज जैन आदि ने विश्व पर्यावरण दिवस के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला.




## पीजी कॉलेज में पौधरोपण

धमतरी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बीसीएस पीजी कॉलेज में पौधरोपण हुआ। विधि विभाग, न्यू बिल्डिंग परिसर, गार्डन परिसर सहित महाविद्यालय के विभिन्न भागों में आम, शीशम, करंज, अशोक सहित विभिन्न पौधे रोपकर ट्री गार्ड लगाया गया। प्राचार्य चौबे ने कहा कि महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस एवं वर्षभर समय-समय पर अलग-अलग समय में पौधरोपण किया जाता है। कोमल प्रसाद यादव ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संजय राठौर ने पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, मानव हस्तक्षेप जैसी पर्यावरणीय समस्याओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे, कोमल प्रसाद यादव, पंकज जैन, दुर्गेश प्रसाद, डॉ. प्रेमनाथ भारती, राकेश साहू मौजूद थे।

# CERTIFICATE

This is to certify that B.C.S.Govt.P.G.College, Dhamari has conducted a detailed Green Audit of their campus ans has submitted necessary data and Credentials scrutiny. The activities and measures carried out by the college have been verified based on the report submitted and found to be satisfactory. The efforts taken by the faculty and students towards environmental and sustainability is highly appreciated and commendable

Place :- Dhamtari

Date :- 22-03-2021

Principal
K. L. College of Horticulture
Dhamtari (C.G.)